nt>

## Title: Need to formulate Pradhan Mantri Water Harvesting Scheme in the country particularly in Rajasthan- Laid.

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) :** अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को 11वें वित्त आयोग से 53 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त हुयी थी। इस राशि से पारम्परिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार का कार्य किया है। राजस्थान में जल स्रोत काफी नीचे चले गए हैं और तालाब सूख गए हैं।

इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि केन्द्रीय सरकार प्रधान मंत्री ग्रामीण रोजगार योजना की तर्ज पर प्रधानमंत्री जल संग्रहण योजना की स्थापना करे एवं इन पारम्परिक जल स्रोतों के निर्माण, पुनर्सुधार एवं विकास हेतु एक विशो कोा की स्थापना कर इन कार्यो पर होने वाले सम्पूर्ण व्यय को वहन करें, जिससे कि इस अकाल के समय में जो जल स्रोतों का अभाव हो गया है, उसे दूर किया जा सके।